>

Title: Need to give compensation to farmers whose land got erosed away in Udhampur Parliamentary Constituency.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर): आपकी मेहरबानी से मुझे समय मिला है, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। आपके यहां तो बहुत नुकसान हुआ है, बड़ी तबाही और बर्बादी हुई है। मेरी कांस्टीटुंसी में रावी नदी, उज, तरनाह और छोटे-छोटे नालों ने बहुत बर्बादी की है। गांवों की जमीन बह गई है, फसल लगी हुई ढह गई है। काफी गांव अफेक्टिड हुए है। कई ऐसे घर हैं जो बारिश के कारण गिर गए हैं। धन्ना, धनोर, करोर और निहाल की जमीन चली गई है। इसी तरह से उज की तरफ जाएंगे तो पता चलेगा कि माइचाकन, नंगल, पुंडोरियां, कोड़पुन्नु, कोड़पट्टियां, पंजाब का एरिया भी साथ था, सारा बह गया। इसी तरह से तरनाह का एरिया भी है।

महोदय, कई वÂर्षों से लगातार अच्छी जमीन बह रही है, फसल लगी जमीन है, पैडी लगी हुई है, मेरी सरकार से मांग है कि इस जमीन को इरोज़न से बचाया जाए और दोबारा जमीन को रिक्लेम किया जाए क्योंकि पहले ही जमीन की लैंड होल्डिंग बहुत कम है। इससे उनका गुजारा नहीं हो पाएगा। मेरी मांग है कि जो अफेक्टिड लोगों में छोटे-छोटे किसान हैं, गुर्जर, बकरवाल, शैडयूल्ड कास्ट आदि हैं। शेरपुर का गांव तो सारा ही बह गया है। मेरी विनती है कि कम्पेनसेशन दिया जाए, जमीन का मुआवजा दिया जाए, उनकी गुजर-बसर के लिए कुछ किया जाए।